(ग) सम्भवतः माननीय सदस्य का इंगित स्वेच्छिक सेवा निवृत्ती योजना के सम्बन्ध में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किये गये अनुदेशों की ओर है जिसके अधीन इस सैल के फालतू घोषित किये गये ऐसे व्यक्ति को जिसकी सेवावधि 15 वर्ष से कम न हो, सेवा निवृत्ती के लाभों के उद्देश्य से पांच वर्ष का अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा। इस सम्बन्ध में और किसी छूट पर विचार नहीं किया जा रहा है।

(घ) और (ङ). प्रश्न ही नहीं उठते।

भारत और चेकोस्लोवाकिया के बीच वैज्ञानिक सहयोग

5327. **श्री बजराज सिंह :**
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री डी० चं० शर्मा :
श्री बृजबासी लाल :

क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत और चेकोस्लोवाकिया के बीच वैज्ञानिक सहयोग के लिए एक करार हुआ है;

(ख) यदि हां, तो उसके वैज्ञानिकों द्वारा किन किन मामलों में सहयोग प्रदान किया जायेगा; और

(ग) वह कार्य कब आरम्भ होने की संभावना है ?

शिक्षा मन्त्री (श्री मु० क० चागला) : (क) भारत की वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् तथा "चैकोस्लोवाक अकादमी आफ साइंसिज' के बीच वैज्ञानिक सहयोग के लिए एक करार 26 अप्रैल, 1966 को हस्ताक्षर किया गया था।

(ख) करार का लक्ष्य विज्ञान तथा प्राद्योगिकी के पारस्परिक रुचि के क्षेत्रों में सहयोग करना है। करार दोनों देशों के बीच वरिष्ठ तथा कनिष्ठ वैज्ञानिकों का विनिमय तथा सूचना व अनुभव का आदान प्रदान परिकल्पित करता है।

(ग) कार्यान्वित के आदान प्रदान के कार्यक्रम के ब्यौरे बनाने के लिए निकट भविष्य में चैकोस्लोवाकिया को तीन सदस्यों का भारतीय प्रतिनिधि मण्डल भेजने का विचार है।

हिन्दी में दिल्ली टेलीफोन निर्देशिका (डाइरेक्ट्री)

5328. **श्री बजराज सिंह :**
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने दिल्ली टेलीफोन निर्देशिका को हिन्दी में प्रकाशित करने का निर्णय किया है; और

(ख) यदि हां, तो कब ?

संसद्-कार्य तथा संचार विभागों में राज्य-मन्त्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) दिल्ली टेलीफोन निर्देशिका की मांग की कुछ प्रतिशत हिन्दी में प्रकाशित करने के सम्बन्ध में अनुदेश जारी कर दिये गये हैं।

(ख) इस निर्देशिका को जल्दी से जल्दी निकालने की दिशा में प्रयत्न किये जा रहे हैं।

Scientists and Research Fellows of National Physical Laboratory

5329. **Shri D. C. Sharma:**
Shrimati Vimla Devi:

Will the Minister of **Education** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that 28 Senior Scientists and 39 research